ont>

Title: Need to improve telephone services in Hingoli Parliamentary Constituency, Maharashtra.

श्री शिवाजी माने (हिंगोली) : उपाध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र हिंगोली के परबनी एवं नादेड़ जिले में टेलीफोन लगाने हेतु प्रतीक्षा सूची में हजारों लोग हैं और कई सालों से अपने घरों एवं दुकानों पर टेलीफोन लगने का इंतजार कर रहे हैं। टेलीफोन सेक्टर में इतनी प्रगति होने के बाद एवं सरकार के आश्वासन कि मार्च 2003 तक सभी लोगों की मांग पर ही टेलीफोन उपलब्ध हो जाया करेंगे, मेरे क्षेत्र में अभी तक ऐसा नहीं हुआ है। जितने टेलीफोन एक्सचेंजों की आवश्यकता मेरे संसदीय क्षेत्र में है, उतने अभी तक नहीं लगे हैं। इस प्रकार राजस्व की हानि हो रही है। इस कार्य को टेलीफोन एक्सचेंजों का आधुनिकीकरण कर एक्सचेंजों की क्षमता बढ़ाई जा सकती है जो कई सालों से मेरे निवेदन करने के बाद भी नहीं हो रहा है। और दूसरी ओर जो टेलीफोन हैं वह खराब रहते हैं।

मेरा सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र के टेलीफोन एक्सचेंजों का आधुनिकीकरण कर उनकी क्षमता बढ़ाई जाए और सेवाओं में सुधार किया जाए।